काउंसिलिंग संबंधी निर्देशः–

1. द्वितीय काउंसिलिंग की तिथि दिनांकः 15–02–2025 को निर्धारित की गई है। काउंसिलिंग पूर्वाह्न 10 बजे से प्रारंभ होगी।

2. काउंसिलिंग विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में होगी। द्वितीय काउंसिलिंग की सूची में शामिल कला संकाय के विद्यार्थियों को हिंदी विभाग, विज्ञान संकाय के रसायन विज्ञान और वाणिज्य एवं शिक्षा संकाय को काउंसिलिंग से पूर्व वाणिज्य संकाय में काउंसिलिंग शुल्क रु0 1600/– जमा कराना होगा और काउंसिलिंग के समय काउंसिलिंग शुल्क की रसीद विषय संयोजक को जमा करनी होगी।

3. द्वितीय काउंसिलिंग के बाद सीट रिक्त रहने पर उसी दिन अपराह्न 2 बजे से प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों और प्रतीक्षा सूची से बाहर बचे प्री पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों की काउंसिलिंग की जाएगी। इसके पश्चात भी यदि सीटें बचती हैं तो पहली काउंसिलिंग में छूटे विद्यार्थियों को भी काउंसिलिंग में सम्मिलित किया जाएगा। इसके लिए प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को दिनांकः 15–02–2025 को पूर्वाह्न 10 से लेकर 10.45 तक अनिवार्य रूप से अपने विषय संयोजक को आवेदन करना होगा। किंतु ऐसे विद्यार्थियों को योग्यता सूची के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

4. जिन विषयों में प्रथम काउंसिलिंग की योग्यता सूची और प्रतीक्षा सूची में प्री पीएच0डी0 कोर्सवर्क की प्रवेश परीक्षा में सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया था। ऐसे विषयों में जो विद्यार्थी प्री पीएच0डी0 कोर्स वर्क में प्रवेश लेना चाहता है, उनकी काउंसिलिंग भी दिनांकः 15–02–2025 को निर्धारित की जाती है। ऐसे विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे अपने विषय संयोजकों को प्रवेश हेतु प्रातः 10 से 10.45 बजे तक आवेदन प्रस्तुत करेंगे। ऐसे विद्यार्थियों को योग्यता सूची के आधार पर शोध केंद्र एवं शोध निर्देशक आवंटित किए जाएंगे।